i-NEXT PAGE 4

## 10 रिसर्च स्कॉलर शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए चयनित

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (15 July):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में नए सत्र की शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए 10 छात्राओं का चयन किया गया है. शुक्रवार को यूनिवर्सिटी के मंथन हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने इस छात्रवृत्ति में चयनित छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए. डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि शोध व अनुसंधान कार्य में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत की गई थी. दूसरे चरण में इस बार 44 आवेदन पत्र आए थे. वीसी की ओर से गठित विशेष समिति ने इन सभी के इंटरव्यू लिए. अब 10 छात्राओं को छात्रवृति के लिए चयनित किया गया है. छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय सहायता के रूप में उन्हें पांच हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा. छात्रवृत्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी. संबंधित छात्रवृत्ति को जारी रखने के लिए छात्रा की उपस्थिति, अनुसंधान की प्रगति संतोषजनक और बिना किसी अनुशासनात्मक विफलता के होनी चाहिए.

**इन्हें किया गया चयनित**

- अफजा (उर्दू)
- दीक्षा सिंह (प्राणि विज्ञान विभाग)
- अपर्णा सिंह (एप्लाइड इकोनामिक्स)
- निमिषा सिंह (सामाजिक कार्य)
- आफरीन नाज (वनस्पति विज्ञान)
- सीमा यादव (विधि)
- शारदा पांडे (भौतिकी)
- शिखा शुक्ला (शिक्षा शास्त्र)
- नीतू देवी (समाजशास्त्र)
- वंदना राठौर (भौतिकी)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# जो भी करें परफेक्ट करें, तभी सफल होंगे : ब्रजेश

## लविवि में इंटर कॉलेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** 'आप देख रहे होंगे कि इस हॉल में जो एसी लगा है, उसकी पॉलिथीन तक नहीं उतारी गई है। एसी का पाइप दीवार से पीछे निकाला जा सकता था, लेकिन उसे नीचे खिड़की से निकाला गया है, कितना खराब लग रहा है। खिड़की के कांच टूटे हैं, जिससे हॉल में कूलिंग नहीं हो पा रही है।

ऐसा लगता है कि इंजीनियर ने जैसे-तैसे काम किया है। उसके काम में परफेक्शन नहीं है, लेकिन आप ऐसा न करें। आप जो भी करें परफेक्ट करें, तभी सफलता मिलेगी।' यह सीख उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लविवि न्यू कैंपस में विधि के छात्रों को दी। वे विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी की ओर से आयोजित 10वीं प्रो. केके श्रीवास्तव इंटर कॉलेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, अधिवक्ता समाज के सभी पीड़ितों की आवाज बनता है। वह लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है।

### छात्रों को दी सीख, कहा- अच्छी तैयारी दिलाएगी सफलता

लविवि में मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद छात्रों को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। संवाद

लॉ के पूर्व छात्र रहे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कठिन परिश्रम का कोई तोड़ नहीं है। सफलता पाने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता है। आप जितनी ज्यादा से ज्यादा विधि की किताबें पढ़ेंगे, कानून की जानकारी लेंगे, उतने ही सफल होंगे। विधि छात्रों के लिए मूट कोर्ट बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें जानकारी मिलती है कि कोर्ट में बहस कैसे की जाती है। उन्होंने छात्रों को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने और किसी को पीड़ा न पहुंचाने, ईगो न पालने का भी सुझाव दिया। बार काउंसिल के उपाध्यक्ष व लॉ के पूर्व छात्र प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि विधि एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र होता है। छात्र इसके लिए खुद को तैयार करें। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह, प्रो. विनीता काचर व प्रो. बीडी सिंह ने किया। प्रतियोगिता में राजधानी के विभिन्न लॉ कॉलेजों के छात्र शिरकत कर रहे हैं।

## गौरव की झलक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के गौरवमयी इतिहास की झलक वॉल ऑफ फेम की यह तस्वीर देती है। यहां से पासआउट पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, मंगलयान अभियान की डिप्टी डायरेक्टर रहीं रितु करिधल, योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला, पूर्व सीजेआई आदर्श सेन आनंद, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, क्रिकेटर सुरेश रैना व आरपी सिंह, ओलंपियन सुजीत कुमार की तस्वीरें निसंदेह गौरवान्वित करती हैं। लविवि में 21 से 23 जुलाई को नैक पियर टीम का भ्रमण होना है। इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। (संवाद)

## 10 छात्राओं को मिली शोध मेधा छात्रवृत्ति

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन ने वर्तमान सत्र 2021-22 में 10 छात्राओं का चयन शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए किया है। शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित छात्राओं को प्रमाणपत्र दिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए 44 आवेदन आए थे।

इसमें से समिति ने साक्षात्कार के आधार पर 10 छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए चुना है। इनमें अफजा, दीक्षा, अपर्णा सिंह, निमिषा सिंह, आफरीन नाज, सीमा यादव, शारदा पांडेय, शिखा शुक्ल, नीतू देवी, वंदना राठौर शामिल हैं। प्रो. टंडन ने कहा कि उक्त छात्रवृत्ति का उद्देश्य प्रतिभाशाली महिला शोधार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। छात्रवृत्ति के तहत 5000 रुपये प्रति माह एक साल तक दिए जाएंगे। इस अवसर पर अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, प्रो. अमृतांशु शुक्ला, डॉ. अलका मिश्रा, प्रो संगीता साहू आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

## बीएससी होम साइंस की परीक्षा तीन से

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन ने शुक्रवार को बीएससी होम साइंस का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। इसके अनुसार छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से आठ अगस्त तक सुबह 09 से 10.30 बजे तक होंगी। वहीं, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 से 17 अगस्त तक दोपहर 02 से 3.30 बजे तक होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## 23 छात्रों की पूरी परीक्षा निरस्त

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन ने दिसंबर 2021 की परीक्षा में नकल में पकड़े गए एमए-एमएससी पहले व तीसरे सेमेस्टर, बीपीएड पहले सेमेस्टर के 23 छात्रों की पूरी परीक्षा निरस्त कर दी है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इन छात्रों की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। वहीं, एमए पहले सेमेस्टर के एक व बीएड पहले सेमेस्टर के एक छात्र को आरोप मुक्त कर दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 3

## एलयू की 10 छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी के मंथन हॉल में शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शोध मेधा छात्रवृत्ति में चयनित 10 छात्राओं को प्रमाणपत्र दिए। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान कार्य के अलावा विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इसे शुरू किया गया है। छात्रवृत्ति के तहत सभी छात्राओं को पांच-पांच हजार रुपये हर महीने पढ़ाई के लिए मिलेंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इस छात्रवृत्ति के लिए अफजा (उर्दू विभाग), दीक्षा (जंतु विज्ञान), अपर्णा सिंह (एप्लाइड इकोनॉमिक्स), निमिषा सिंह (सामाजिक कार्य), आफरीन नाज (वनस्पति विज्ञान), सीमा यादव (विधि), शारदा पाण्डेय और वंदना राठौर (भौतिक विज्ञान), शिखा शुक्ल (शिक्षा शास्त्र), नीतू देवी (समाजशास्त्र), वंदना राठौर (भौतिक विज्ञान विभाग) को चुना गया है। इस दौरान प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, प्रो. अमृतांशु शुक्ला, डॉ. अलका मिश्रा और प्रो. संगीता साहू भी मौजूद रहीं।

एलयू वीसी ने चयनित छात्राओं को प्रमाणपत्र दिए।

### एलयू में 10वीं इंटरकॉलेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ यूनिवर्सिटी के न्यू कैंपस में शुक्रवार को 10वीं प्रोफेसर केके श्रीवास्तव इंटरकॉलेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू हुई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विधि के छात्रों की भाषा शैली में सुधार के लिए मूट कोर्ट प्रतियोगिता बेहद जरूरी है। लॉ संकाय अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष प्रो.सीपी सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। इस दौरान वार काउंसिल ऑफ यूपी के उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल, एलयू मूट कोर्ट कमिटी की प्रो. विनीता काचर व रोहित श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

## एलयू में लगे दो सेनेटरी नैपकिन इंसीनिरेटर

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी के जनसंख्या अनुसंधान केंद्र और अर्थशास्त्र विभाग में शुक्रवार को दो सेनेटरी नैपकिन इंसीनिरेटर लगाए गए। यहां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से स्वच्छता किट भी बांटी गई। इस दौरान एलयू जनसंख्या अनुसंधान केंद्र के निदेशक प्रो. एमके अग्रवाल, इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक संजीव कक्कड़, यूपी महाप्रबंधक अमित चौधरी व अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. प्रेम सुमन शर्मा भी मौजूद रहीं।

HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू में दस छात्राओं को मिलेगी शोध मेधा छात्रवृत्ति

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार की तरफ से गठित की गई विशेष समिति ने दस छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए चुना है। इन्हें शुक्रवार को एक मंथन हाल में हुए समारोह में कुलपति ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत विगत वर्ष शोध और अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देने और विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए की गई थी। स छात्रवृत्ति के लिए 44 छात्राओं ने आवेदन किया था। विशेष समिति ने साक्षात्कार के बाद जिन छात्राओं को चुना है उनमें अफजा (उर्दू), दीक्षा (प्राणि विज्ञान), अपर्णा सिंह (एप्लाइड इकोनॉमिक्स), निमिषा सिंह (सामाजिक कार्य), आफरीन नाज़ (वनस्पति विज्ञान), सीमा यादव (विधि), शारदा पांडे (भौतिकी), शिखा शुक्ला (शिक्षा शास्त्र), नीतू देवी (समाजशास्त्र), वंदना (भौतिकी) शामिल हैं। इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य उन प्रतिभाशाली महिला शोधार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जिन्होंने नेट/नेट-एलएस/गेट उत्तीर्ण किया है। छात्रवृत्ति में पांच हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

## बीएससी होमसाइंस की परीक्षाएं तीन अगस्त से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी होम साइंस के सेमेस्टर-4 और सेमेस्टर-6 की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। सेमेस्टर-6 की परीक्षाएं तीन से आठ अगस्त तक सुबह की पाली में होंगी। वहीं सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं 10 से 17 अगस्त तक द्वितीय पाली में होंगी। परीक्षा कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

# शोध मेधा छात्रवृत्ति से बेटियों की राह होगी आसान

**बढ़ेगा आत्मविश्वास**

- लखनऊ विश्वविद्यालय में चयनित छात्राओं को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की तरफ से गठित की गई विशेष समिति ने 10 छात्राओं को शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए चुना है। इन्हें शुक्रवार को मंथन हाल में हुए समारोह में कुलपति ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत विगत वर्ष शोध और अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देने और विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए की गई थी। इस छात्रवृत्ति के लिए 44 छात्राओं ने आवेदन किया था। विशेष समिति ने साक्षात्कार के बाद जिन छात्राओं को चुना है, उनमें अफजा (उर्दू), दीक्षा (प्राणि विज्ञान), अपर्णा सिंह (एप्लाइड इकोनॉमिक्स), निमिषा सिंह (सामाजिक कार्य), आफरीन नाज (वनस्पति विज्ञान), सीमा यादव (विधि), शारदा पांडे (भौतिकी), शिखा शुक्ला (शिक्षा शास्त्र), नीतू देवी (समाजशास्त्र), वंदना राठौर (भौतिकी) शामिल हैं। इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य उन प्रतिभाशाली महिला शोधार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जिन्होंने नेट/नेट-एलएस/गेट उत्तीर्ण किया है। छात्रवृत्ति में पांच हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। प्रारंभिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी।

लविवि में छात्राओं को प्रमाण देते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक राय। अमृत विचार

JAGRAN CITY PAGE III

## 10 शोधार्थियों को मिलेगी शोध मेधा छात्रवृत्ति

शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए चुनी गईं दस महिला शोधार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रमाणपत्र दिए ● सौजन्य से लवि

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र की शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए दस छात्राओं का चयन किया गया है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के मंथन हाल मे आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस छात्रवृत्ति में चयनित छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि शोध व अनुसंधान कार्य में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत की गई थी। दूसरे चरण में इस बार 44 आवेदन पत्र आए थे। कुलपति की ओर से गठित विशेष समिति ने इन सभी के साक्षात्कार लिए। अब दस छात्राओं को छात्रवृति के लिए चयनित किया गया है। प्रमाण पत्र वितरण के मौके पर अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमृतांशु शुक्ला, डा. अलका मिश्रा और प्रो संगीता साहू भी उपस्थित रहे।

**मिलेंगे पांच हजार महीना :** छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय सहायता के रूप में पांच हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। छात्रवृत्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी। संबंधित छात्रवृत्ति को जारी रखने के लिए छात्रा की उपस्थिति, अनुसंधान की प्रगति संतोषजनक और बिना किसी अनुशासनात्मक विफलता के होनी चाहिए।

**इन्हें किया गया चयनित :** अफजा (उर्दू), दीक्षा सिंह (प्राणि विज्ञान विभाग) अपर्णा सिंह (एप्लाइड इकोनामिक्स), निमिषा सिंह (सामाजिक कार्य), आफरीन नाज (वनस्पति विज्ञान), सीमा यादव (विधि), शारदा पांडे (भौतिकी), शिखा शुक्ल (शिक्षा शास्त्र), नीतू (समाजशास्त्र), वंदना (भौतिकी)।

### नैक मूल्यांकन : कुलपति ने देखीं विभागों की तैयारियां

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन के लिए टीम आने में सिर्फ पांच दिन बचे हैं। ऐसे में हर विभाग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों से लेकर प्रजेंटेशन भी देख रहे हैं। शुक्रवार को कुलपति ने शारीरिक शिक्षा विभाग, भाषा विभाग, अरेबिक विभाग, संस्कृत, एंथ्रोपालजी, पालिटिकल साइंस, हिंदी, बाटनी और मध्यकालीन इतिहास विभाग का निरीक्षण किया। सभी स्थानों पर उन्होंने विभागों की ओर से प्रदर्शित उनके छात्रों की उपलब्धियों को देखा। उन्होंने कहा कि जो भी विभाग की उपलब्धियां हैं, उन्हें अधिक से अधिक डिस्प्ले करें, ताकि नैक टीम उसे देख सके। उन्होंने साफ सफाई का बेहतर करने के लिए भी कहा।

### अर्थशास्त्र विभाग में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग स्थित जनसंख्या अनुसंधान केंद्र में शुक्रवार को इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा 2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से दो सेनेटरी नैपकीन इंसीनिरेटर स्थापित किए गए। उपस्थित सभी लोगों को जूट के बैग व स्वच्छता किट का भी वितरण गया। इस अवसर पर इंडियन आयल की ओर से कार्यकारी निदेशक संजीव कक्कड़, महाप्रबंधक अमित चौधरी, केंद्र के निदेशक प्रो. एमके अग्रवाल, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. प्रेम सुमन शर्मा भी उपस्थित रहीं। (जासं)

### बीएससी चौथे, छठे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीएससी होम साइंस चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन, पांच व आठ अगस्त को सुबह 9 से 10.30 बजे तक होंगी। वहीं, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 10, 13 व 17 अगस्त को दोपहर दो से 3.30 बजे तक होंगी। छात्र-छात्राएं विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट पर देख सकते हैं। (जासं)

## अवसरों का अथाह सागर है काला कोट

लवि में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का सम्मान करते प्रो. सीपी सिंह, साथ में बार काउंसिल आफ उप के उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ● जागरण

**जासं, लखनऊ:** विश्वविद्यालय के विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी द्वारा आयोजित प्रो. केके श्रीवास्तव इंटर कालेजिएट मूट कोर्ट प्रतियोगिता हुई। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विश्वविद्यालय के विधि संकाय के गौरवशाली इतिहास को बताते हुए स्वयं को इस परिवार का हिस्सा होने पर गर्व जताया। कहा कि विधि एवं भाषा पर नियंत्रण रखकर विद्यार्थी निश्चित ही सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। भाषा-शैली में सुधार के लिए विधि छात्र जीवन में मूट कोर्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना अति आवश्यक है।

गुरुवार को नवीन परिसर में आयोजित कोर्ट में विशिष्ट अतिथि व बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ने विधि का महत्व बताते हुए कहा कि पूरे संसार में क्रांतिकारी बदलाव काले कोट द्वारा ही लाए गए हैं। उन्होंने अब्राहम लिंकन, सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा लाला लाजपत राय का उदाहरण भी दिया कि किस प्रकार इन्होंने अपने देशों में लोकतंत्र की स्थापना के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य का विधि निर्माता बताते हुए कहा कि जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है...।

इस अवसर पर संकाय अधिष्ठाता और विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सीपी सिंह, शिक्षिका प्रोफेसर विनीता काचर समेत लोग मौजूद रहे।

### 23 परीक्षार्थियों की सेमेस्टर परीक्षाएं निरस्त

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में नकल करना छात्र-छात्राओं को महंगा पड़ गया। विश्वविद्यालय ने एमएससी प्रथम, एमए प्रथम व तृतीय तथा बीपीएड प्रथम सेमेस्टर में नकल करने वाले 23 परीक्षार्थियों की सेमेस्टर परीक्षाएं निरस्त कर दी हैं। शुक्रवार को इन सभी के रोल नंबर जारी कर दिए गए। वहीं, दो छात्रों को आरोपों से बरी भी कर दिया।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी विवरण के मुताबिक दिसंबर-2021 की परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में जिन विद्यार्थियों पर नकल के आरोप थे, उनकी सेमेस्टर परीक्षा निरस्त कर दी गई हैं। इनमें एमएससी प्रथम सेमेस्टर के नौ, एमए प्रथम सेमेस्टर एक, तृतीय सेमेस्टर के 10 व बीपीएड प्रथम सेमेस्टर के तीन परीक्षार्थी शामिल हैं। बीपीएड व एमए प्रथम सेमेस्टर में एक-एक छात्र को दोष मुक्त किया गया है।

PIONEER PAGE 3

## एलयू में शोध मेधा छात्रवृत्ति को लेकर 10 छात्राएं चयनित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के अंतर्गत शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए 10 छात्राओं का चयन किया गया है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने मंथन हाल मे आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चयनित चयनित छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि शोध व अनुसंधान कार्य में महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरूआत की गई थी। दूसरे चरण में इस बार 44 आवेदन पत्र आए थे। कुलपति की ओर से गठित विशेष समिति ने इन सभी के साक्षात्कार लिए। अब 10 छात्राओं को छात्रवृति के लिए चयनित किया गया है। इसके तहत वित्तीय सहायता के रूप में पांच हजार रुपये प्रति माह दिया जाएगा। छात्रवृत्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष के लिए होगी।

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

## UG admission date extended to July 30

**LUCKNOW :** The Lucknow University has extended the last date of submission of undergraduate online admission forms till July 30. The date has been extended as ISC and CBSE Class 12 board results are still awaited.